भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2322

(जिसका उत्तर सोमवार, दिनांक 03 अगस्त, 2026/12 श्रावण,1948 (शक) को दिया जाना है)

एसडब्ल्यूएएमआईएच निधि

2322 श्री कोटा श्रीनिवास पूजारीः

श्री राजपालसिंह महेंद्रसिंह जादवः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या किफायती और मध्यम आय वर्ग आवास निवेश के लिए विशेष खिड़की (एसडब्ल्यूएएमआईएच) निधि ने देश भर में अटकी हुई किफायती और मध्यम आय वर्ग की आवास परियोजनाओं को पुनर्जीवित करने और घर खरीदारों के हितों की रक्षा करने में सहायता की है;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) इसकी शुरुआत के बाद से एसडब्ल्यूएएमआईएच के तहत स्वीकृत आवास परियोजनाओं की संख्या कितनी है और साथ ही पूरी की गई आवासीय इकाइयों की संख्या और लाभान्वित हुए कुल घर खरीदारों की संख्या कितनी है?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री
(श्री पंकज चौधरी)

(क) (ख) और (ग) जी,हां। 30 जून, 2026 की स्थिति के अनुसार 147 परियोजनाओं को स्वामिह निधि द्वारा वित्त पोषित किया गया है, जिसमें 67,626 आवास इकाइयां घर खरीदारों को सौंपी गई हैं, जिससे लगभग 2,70,000 लोग लाभान्वित हुए हैं।

****